कृपया प्रकाशनार्थ **28 फरवरी 2013**

महंगाई को रोकने के लिए बजट में कोई ठोस योजना नहीं : राम नाईक

मुंबई, गुरुवार: ''महंगाई को रोकने की कोई ठोस योजना इस बजट में नहीं है. महंगाई का और पेट्रोलियम क्षेत्र का सीधा संबंध होने से इस बजट में पेट्रोलियम नीति में सुधार करने की घोषणा की अपेक्षा थी. उसके बदले केवल तेल उत्खनन की योजना पर विचार करने की वित्त मंत्री ने बात की है. उन्हें इस विषय की गंभीरता ही ख्याल में नही आयी है. आवास योजना के लिए निधी बढाते समय शहरों में रहनेवालों को भी सस्ते मकान लगते है यह तो शायद वित्त मंत्री भूल ही गये. मछुआरों के लिए तो बजट में एक भी शब्द नहीं है. इस बजट में हुई उपेक्षा से मछुआरों के जख्मों पर भी वित्त मंत्री ने नमख छिडका है'', ऐसी प्रतिक्रिया पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक ने दी है.

(कार्यालय मंत्री)